केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(संसद अधिनियम द्वारा स्थापित)

जयपुर परिसर, जयपुर

पात्रता संबंधी शर्तें

1. बोलीदाता पिछले तीन वर्षों के यह कार्य कर रहा हो।
2. बोलीदाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी.एस.टी. नंबर/पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।

निविदा संबंधित अनिवार्य संलग्नक

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. अनुभव प्रमाण पत्र
3. पिछले एक साल का बैंक विवरण/विगत वर्ष का आयकर रिटर्न
4. आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र/पैन नंबर
5. जी.एस.टी. नंबर/पंजीकरण प्रमाण पत्र

नीलामी की नियम शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता, निविदा प्रपत्र के साथ राशि रू. 2,000/– का बैंक ड्राफ्ट **''Director, Central Sanskrit University, Jaipur Campus''** के नाम बयाने के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जो भी बोलीदाता राशि रू. 2,000/– का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. इस नीलामी की समिति द्वारा न्यूनतम निर्धारित दर खुली बोली के दिन घोषित की जाएगी। न्यूनतम निर्धारित दर से कम बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि बोली लगाने से पहले उक्त लकड़ियों का भौतिक निरीक्षण कर ले। भौतिक निरीक्षण के लिए इच्छुक बोलीदाता सम्पदा कार्यालय में सम्पर्क कर दिनांक 27.06.2022 से 28.06.2022 तक के कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे के मध्य उक्त लकड़ियों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाली बोलीदाता को प्रदान की जाएंगी।
5. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को उक्त लकड़ियाँ ''जैसे है जहां है'' के आधार पर दी जाएगी।
6. सफल बोलीदाता, जिसकी निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार की जाएगी, को नीलामी की धनराशि परिसर में ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान के माध्यम से निविदा अवार्ड होने के सात दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
7. नीलामी की उक्त लकड़ियाँ, नीलामी धनराशि परिसर में जमा करने के उपरान्त ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी की धनराशि जमा करने के 15 दिनों में नीलाम की गई लकड़ियाँ ले जाना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में परिसर की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
8. बोलीदाता द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वापस किया जाएगा।

Bhagwati Sudesh

(प्रो. भगवती सुदेश)

निदेशक

मैंने उपरोक्त निविदा कि सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है।

क्या आपने राशि रू. 2000/- का बैंक ड्राफ्ट/चैक **Central Sanskrit University, Jaipur Campus** बयाने की राशि के रूप में इस निविदा के साथ संलग्न किया है?

हाँ/नहीं

यदि हाँ तो ड्राफ्ट संख्या............................दिनांक..........................एवं बैंक का नाम................

दिनांक........................ बोलीदाता के हस्ताक्षर..

बोलीदाता का नाम..

पूरा पता...

....

मोबाईल नं...

ईमेल पता..

बोलीदाता का छायाचित्र